## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 08.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के नौवें संस्करण का किया उद्घाटन, कहा– डिजिटल आत्मनिर्भरता की ओर से तेजी से आगे बढ़ रहा है देश।
- घाटशिला उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज, एनडीए ने दिखायी एकजुटता, सत्तारुढ़ झामुमो ने किया जीत का दावा।
- सीसीएल का दो दिवसीय पीआर कन्क्लेव रांची में शुरु, कोल इंडिया लिमिटेड के एचआर निदेशक विनय रंजन ने किया शुभारंभ, देश के नामचीन जनसंपर्क और मीडिया विशेषज्ञ ले रहे हैं भाग।
- जेल आईजी ने की बड़ी कार्रवाई, बंदियों के साथ सांठगांठ करने के आरोप में हजारीबाग जेपी केन्द्रीय कारागार के जेलर समेत 6 सरकारी कर्मी सस्पेंड, 6 संविदाकर्मी भी बर्खास्त।
- राज्य का दो दिवसीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला आज से रांची के मांडर में शुरू, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी होंगे शामिल।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के नौवें संस्करण का उद्घाटन किया। यह एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी आयोजनों में से एक है। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि भारत डिजिटल आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

*****************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज है। एनडीए ने इस सीट को हर हाल में जीतने का संकल्प लिया है। वहीं, इंडिया ब्लॉक ने भी जेएमएम के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की तैयारी की है। आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि एनडीए मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी।

इस बीच राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने दावा किया है कि पिछले चुनाव से अधिक वोटों से इस बार पार्टी प्रत्याशी की जीत होगी।

*****************

झारखंड में पहली बार कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से दो दिवसीय नेशनल पीआर कॉनक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। सीसीएल की देखरेख में यह कार्यक्रम रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस स्थित गंगोत्री कन्वेंशन सेंटर हो रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड के एचआर निदेशक विनय रंजन ने इसका शुभारंभ किया। सम्मेलन में देश के नामचीन जनसंपर्क और मीडिया विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। इनमें विज्ञापन गुरु प्रहलाद कक्कड़ और पद्मश्री बलबीर दत्त जैसी हस्तियां शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसीएल के सीएमडी नलेंदु कुमार सिंह और इसीएल सीएमडी सतीस कुमार झा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

*****************

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–यूजीसी नेट दिसंबर–2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से इच्छुक उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। यूजीसी की अधिसूचना के अनुसार पंजीकरण प्रक्रिया सात नवंबर तक खुली रहेगी। सुधार विंडो दस नवंबर को खुलेगी और 12 नवंबर को बंद हो जाएगी।

*****************

हजारीबाग के लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में जेल आईजी ने बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत एक जेलर, तीन उच्च कक्षपाल और दो कक्षपाल को सस्पेंड कर दिया है। ये सभी सरकारी कर्मी है। वहीं संविदा पर कार्यरत 6 कक्षपाल को भी बर्खास्त कर दिया गया है। इन सब पर जेल में अव्यवस्था फैलाने, बंदियों के साथ सांठगांठ रखने और उनको सुविधा उपलब्ध कराने जैसे संगीन आरोप हैं।

*****************

जम्मू और कश्मीर में खराब मौसम के कारण लगातार तीन दिनों तक स्थगित रहने के बाद श्रीमाता वैष्णो देवी यात्रा फिर से शुरू हो गई है। तेज बारिश और त्रिकुटा पर्वतीय क्षेत्र में भूस्खलन की आशंका को देखते हुए एहतियात के तौर पर पवित्र गुफा मंदिर की यात्रा रोक दी गई थी।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कथित भूमि घोटाला मामले में बड़ी राहत मिली है। दिल्ली स्थित प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट अपीलीय ट्रिब्यूनल ने प्रवर्तन निदेशालय को उनकी लग्जरी कार तुरंत छोड़ने का निर्देश दिया है। यह कार ईडी ने 29 जनवरी 2024 को मनी लॉन्ड्रिंग जांच के दौरान श्री सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से जब्त की थी।

*****************

हजारीबाग जिला प्रशासन ने जिले के पर्यावरणविद् डॉक्टर मनोज कुमार को पद्मश्री देने की अनुशंसा की है। डॉ मनोज कुमार सरकारी बीएड कॉलेज में लेक्चरर पद से रिटायर हुए हैं। उन्होंने पौधरोपण को अपना मिशन बना लिया है और पिछले 25 सालों से वे पौधारोपण कर रहे हैं।

*****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत अनुसूचित जनजाति बहुल 927 गांवों के सर्वांगीण विकास की पहल की जा रही है।

*****************

कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच आज दोपहर के कारोबार में बेंचमार्क घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी, में गिरावट दर्ज की गई। आखिरी रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 124 अंक गिरकर 81 हजार 801 पर और निफ्टी 52 अंक गिरकर 25 हजार 58 पर आ गया।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 12 हजार 5 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 56 हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

जमशेदपुर के बिष्टुपुर गोपाल मैदान में स्वदेशी मेला आज से शुरु हो रहा है। शाम साढ़े पांच बजे पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा इसका उद्घाटन करेंगे। मौके पर विधायक पूर्णिमा साहू, टाटा स्टील के उपाध्यक्ष डी.बी. सुंदरा रामम् व झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सौरभ तिवारी भी मौजूद रहेंगे। मेला संयोजक अशोक गोयल ने बताया कि मेले में 300 से ज्यादा स्टॉल लगाए जा रहे हैं जिनमें हैंडीक्राफ्ट, खादी, टेक्सटाइल्स, सोलर से जुड़े उत्पाद उपलब्ध होंगे।

*****************

राज्य का दो दिवसीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला आज से शुरू होगा। उदघाटन समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। सरना धर्मगुरु बंधन तिग्गा की अगुवाई में 40 पाड़हा के पाहन व धार्मिक अगुवा जतरा स्थल पर स्थित शक्ति खूंटा की पूजा–अर्चना व दीप जलाकर इसका शुभारंभ करेंगे। जतरा में देश के विभिन्न राज्यों के अलावा नेपाल के भी लोग आते हैं। मेला स्थल में शांति व विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुरुष व महिला पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

*****************